धार्मिक आस्था ▶ **नगर से 46 वारकरी (तिर्थयात्री) का जत्था धापेवाडा के लिए रवाना**

छोटे पंढरपुर के नाम से प्रसिध्द ग्राम धापेवाडा में आषाढी एकादशी के दिन हजारों वारकरी करेंगे विट्ठल रूखमाई के दर्शन

नवभारत न्यूज,
पांढुरना,20जुलाई,विदर्भ के छोटे पंढरपुर के नाम से प्रसिध्द ग्राम धापवेडा में आगामी 25 जुलाई को आषाढी एकादशी के दिन यहां के प्रसिध्द विठ्ठल रूखमाई मंदिर में विदर्भ के कौने-कौने के महानगरों एवं गांव-गांव की तरह ही पांढुरना जिले से भी सैकड़ों की संख्या में लोग दशनार्थ पहुंचेंगे,सोमवार को नगर जिला मुख्यालय से 46 वारकरी तिर्थयात्रियों का जत्था धापेवाडा तिर्थस्थल के लिए रवाना हुआ,यह तिर्थयात्री आगामी पांच दिनों में यह लगभग 150 किलों मीटर की दूरी विठ्ठल-विठ्ठल,विठ्ठला के नाम का पैदल ही जप करते हुए आगामी 25 जुलाई को ग्राम धापेवाडा के मंदिर

में पहुंचकर विठ्ठल रूखमाई का दर्शन करेंगे।

उल्लेखनीय हो कि महाराष्ट्र के पंढरपुर स्थित अति प्राचीन विश्व विख्यात विठ्ठल रूखमाई मंदिर में आषाढी एकादशी के दिन दर्शनार्थ जिस तरह देश के कौने-कौने से लाखों की संख्या में वारकरी धर्मप्रेमी पहुंचते है,उसी धार्मिक आस्था के अनुरूप विदर्भ के छोटे पंढरपुर के नाम से प्रसिध्द ग्राम धापेवाड़ा के विठ्ठल रूकमणी के मंदिर में भी महाराष्ट्र के विदर्भ के कौने-कौने से आषाढी एकादशी के दिन हजारों की संख्या में लोग दर्शन करने जाते है।

कोलबाजी महाराज को दर्शन देंने आए थे स्वयं आए थे विट्ठल-रूखमाई

अति प्राचीन मान्यता है कि महाराष्ट्र के विदर्भ के ग्राम धापेवाडा के प्रसिध्द कोलबाजी महाराज विट्ठल रूखमाई के अन्नय भक्त रहें,वे प्रतिवर्ष धापेवाडा से पंढरपुर तक की यात्रा पैदल ही तय करते हुए विट्ठल रूखमाई के दर्शन करने जाते रहें है,लेकिन उनके जीवन काल के एक वर्ष में इसी आषाढी माह में उनकी तबीयत खराब होने तथा वृध्द अवस्था के कारण वह पंढरपुर नहीं जा पाए तो इन्हें दर्शन देंने स्वयं विट्ठल रूखमाई धापेवाडा आए थे।

पंढरपुर की तरह ही धापेवाडा भी विट्ठल रूखमाई का तिर्थस्थल

तभी से इस धापेवाडा को छोटा पंढरपुर मानते हुए जो वारकरी विट्ठल रूखमाई के प्रसिध्द मंदिर पंढरपुर नहीं जा पाते वह आषाढी एकादशी के दिन धापेवाडा के मंदिर पहुंचकर दर्शन करते है तो उन्हें पंढरपुर के विट्ठल रूखमाई के दर्शन जैसे पुण्य लाभ मिलने की मान्यता है,प्रतिवर्ष इस धापेवाडा मंदिर में दर्शनार्थ हजारों की संख्या में वारकरी पहुंचते है।

पांच दिनों में पैदल तय करेंगे 150 किलोमीटर का सफर

प्रतिवर्ष की तरह ही इस वर्ष भी इस धापेवाडा के तिर्थस्थल जाने हेतू सोमवार को नगर जिला मुख्यालय के पंढरी वार्ड स्थित विट्ठल रूखमाई मंदिर में विशेष पुजा अर्चना कर 46 वारकरी (तिर्थयात्रियों) का जत्था विर्दभ के धापेवाडा के लिए रवाना हुआ,बताया जा रहा है कि यह तिर्थयात्री आगामी पांच दिनों में पांढुरना जिले के ग्राम सिवनी,बड़चिचोली के बाद महाराष्ट्र के ग्राम नांदा गौमुख,सावंगी, अंदासा होते हुए यह लगभग 150 किलों मीटर की यात्रा विट्ठल-विट्ठल विठ्ठला के नाम का जप करते हुए पैदल ही तय कर 25 जुलाई को ग्राम धापेवाडा के विट्ठल रूखमाई के मंदिर में पहुंचकर दर्शन करेंगे।

नीट परीक्षा अनियमितताओं की जांच की मांग, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज़
सौसर 20 जुलाई. नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच और अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर सोमवार को सौसर क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने संयुक्त रूप से राष्ट्रपति के नाम अनुविभागीय राजस्व अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में परीक्षा में हुई कथित गड़बड़ियों की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराने, दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही करने तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की मांग की गई।

प्रदर्शन के दौरान उपस्थितों ने नीट परीक्षा पेपर लीक से जुड़े मामले में आत्महत्या करने वाले बताए गए 22 विद्यार्थियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही विद्यार्थियों के परिजनों को *एक-एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग भी की गई। ज्ञापन देते समय चंद्रभान बागड़े, जिला पंचायत सदस्य नीलिमा पाटिल, डॉ. अशोक भगत, मुरलीधर कांबले, नरेन्द्र पाटिल, एड. अमोल रंगारे, राजा बोडे, विलास बुले, सानिध्य चैरे, लीलाधर सोमकुंवर, निरंजन बागड़े, प्रवीण बागड़े, अलकेश बागड़े, रोशन गजभिये, हर्षल पिंगले, जुबेर अली, प्रतीक गजभिये, प्रफुल कडू, हर्षद ढोके, अक्षय जामगड़े, ऋषिकेश चैरे, गुलशन गजभिये, अनुभव रूघे, अमर गजभिये, अमित बंसोड, मोरेश्वर रंगारे, ऋतिक सालोटकर, नरेश रामटेके, दिलीप वासनिक, सिद्धार्थ सोमकुंवर आदि उपस्तिथ थे।

ग्राम घोघरी में 300 किलोग्राम महुआ लाहन नष्ट

पांढुर्णा। कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशन एवं सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रविवार को आबकारी वृत्त पांढुरना की टीम द्वारा ग्राम घोघरी में अवैध शराब के अड्डों पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान नालों एवं जंगल में झाड़ियों के समीप हाथ भट्टी महुआ शराब निर्माण के उद्देश्य से पत्रियों एवं ड्रमों में संग्रहित लगभग 300 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। महुआ लाहन का आवश्यक सैंपल लेकर शेष लाहन को निर्मूल्य होने के कारण नियमानुसार मौके पर ही नष्ट किया गया।

सोनम वांगचुक के समर्थन में पांढुरना के जागरूक लोगों ने भी महामहिम राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

सरकार की दमनकारियों नीतियों पर रोक लगाने की मांग

नवभारत न्यूज,
पांढुरना,20 जुलाई,शिक्षाविद सोनम वांगचुक द्वारा किए जा रहें लोकतांत्रिक आंदोलन के समर्थन में सोमवार को संविधान जागरूकता अभियान के नेतृत्व में जिले के जागरूक लोगों ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को एक चार सूत्रीय मांग पत्र का हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौपा। देश की राजधानी दिल्ली

के जंतर मंतर पर देश की शिक्षा व्यवस्था को लेकर शांतिपूर्वक आंदोलन करने वाले शिक्षाविद सोनम वांगचुक को सरकार की दमनकारी नीतियों के चलते पुलिस विभाग द्वारा बलपूर्वक हटाने से पूरे देश की तरह ही पांढुरना जिलेवासियों में भी सरकार की इस नीति के विरोध में भारी आक्रोश व्याप्त है। जागरूक लोगों का मानना है कि सोनम वांगचुक के साथ सरकार के इशारे पर किए गए इस व्यवहार से सभी में गहरी पीड़ा है। जब कि भारतीय संविधान की अनुच्छेद की धारा 19 के तहत प्रत्येक व्यक्ति को शांतिपूर्वक विरोध एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रदान करता है,देश के जागरूक लोगों का मानना है कि जब अपने इस भारत देश का प्रबुद्ध नागरिक अपनी सरकार से शिक्षा प्रणाली में सुधार और जनहित की मांग करता है तो उसे दमनात्मक कार्यवाही के बजाए संवाद कर उसकी बातों को सुन निराकरण करना चाहिए,ना कि उसे शांतिपूर्वक आंदोलन से नहीं उठाना चाहिए।

महामहिम राष्ट्रपति के नाम एसडीएम श्रीमती अलका एक्का को सौपे गए ज्ञापन में सोनम वांगचुक द्वारा शिक्षा सुधार और पर्यावरण सुरक्षा से जुड़े मुद्दो पर राष्ट्रीय प्राथमिकता मानते हुए तत्काल और सार्थक संवाद करने,शांतिपूर्वक आंदोलन करने वालों पर सरकार की इस दमनकारी नीति को तत्काल बंद करने,संविधान की सर्वोच्चता यह सुनिश्चित कि जाए की सभी प्रशासनिक एंजेसिया संविधान के दायरे में रहकर ही कार्य करें एवं छात्रों के भविष्य की सुरक्षा ,शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त अनियमिताताओं को दूर करने के लिए सरकार पारदर्शी कार्य योजना तैयार करें इस आशय का ज्ञापन सौपते समय भीमराव वालके,राहुल पठाड़े,देवांग पाठे,किर्ती पठाड़े,पौर्णिमा गोंड़े,चंदा देशभ्रतार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

8 अगस्त को होगा निशुल्क आयुर्वेदिक रोग निदान शिविर

नवभारत न्यूज़
सौसर 20 जुलाई. शहीद भगत सिंह व्यापारी मंडल एवं पत्रकारगणों के संयुक्त तत्वावधान में 8 अगस्त को एक दिवसीय निशुल्क आयुर्वेदिक रोग निदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।नागपुर के सुप्रसिद्ध आयुर्वेद एवं पंचकर्म विशेषज्ञ एवं राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता डॉ. जी.एम. ममतानी एवं डॉ. अंजु जी. ममतानी शिविर में परामर्श देंगे। सुबह 10 बजे से 4 बजे तक अन्नाभाऊ साठे मंगल भवन में आयोजित शिविर में डॉ. ममतानी दंपत्ती अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में गठिया, लकवा, स्पॉन्डिलाइटिस, स्लिप डिस्क, डायबिटीज, हृदय रोग, स्त्री रोग, चर्म रोग, माइग्रेन सहित जटिल बीमारियों का विशेषज्ञ परामर्श। निशुल्क ब्लड शुगर जांच एवं स्वास्थ्य वाटिका पत्रिका का वितरण।

पंजीयन हेतु अनिल पालीवाल, योगेश गवनेकर, दीपक जैन, मयूर मस्के, अमोल पोस्ते से संपर्क कर सकते है।

किसान के खेत के कुए में मिला महिला का शव

नवभारत न्यूज
पांढुरना,20 जुलाई, नगरीय सीमा से लगे ग्राम सिवनी निवासी वंदना पति शंकर पराडकर 55 का शव सोमवार दोपहर को इसी ग्राम के किसान किरण पराडकर के खेत के कुँए मे मिलने से सनसनी फैल गई, सूचना पर घटनास्थल पहुचे पुलिस अधिकारी द्वारा पंचनामा कार्यवाही कर जनसहयोग से मृतिका का शव कुएं से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए नगर जिला मुख्यालय भेजा गया । पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच करने में जुट गई हैं ।

NEET परीक्षा में भी लड़कियों ने ही बाजी मारी : शासकीय सांदीपनि स्कूल की पांच छात्राओं ने ही NEET परीक्षा की पास

इन छात्राओं का जिला कलेक्टर द्वारा सम्मान कर दी बधाई

नव भारत न्यूज,
पांढुरना 20 जुलाई, दसवीं, बारहवीं की बार्ड परीक्षाओं की तरह ही NEET की परीक्षा म भी लड़कों की अपेक्षा लड़कियों ने ही बाजी मारी,जी हाँ हश्वश्वञ्ज की परीक्षा में भी शासकीय सांदीपनी स्कूल के लड़कों की लड़किया भी इस परीक्षा मे शामिल हुई थीं, लेकिन इन लड़को में से एक भी लड़का यह NEET UG 2026 क्वालीफाई नहीं कर पाया,जब कि सांदीपनी स्कूल की पांच लड़कियों ने यह परीक्षा क्वालीफाई कर ली ।

इन लड़कियों के सम्मान में सोमवार को नगर जिला मुख्यालय के सान्दीपनि स्कूल के जिला कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के मुख्य अतिथि में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री वशिष्ठ द्वारा इन छात्राओं को इनकी इस सफलता पर बधाई देते उन्हें सम्मानित किया।

सम्मानित छात्राएं-
1. रितु राजकुमार धुर्वे - सांदीपनि विद्यालय पांढुर्ना
2. एकता महेश कोल्हे - सांदीपनि विद्यालय पांढुर्ना
3. राधा देवराव परिहार - सांदीपनि विद्यालय पांढुर्ना
4. पूनम चंद्र किशोर ठवरे - सांदीपनि विद्यालय पांढुर्ना
5. श्रद्धा मोरेश्वर डोबले - सांदीपनि विद्यालय सौसर

इन छात्राओं ने इस अवसर पर NEET

परीक्षा में सफल होने के अपने अनुभव साझा किए रितु राजकुमार धुर्वे ने 208 अंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। सम्मान समारोह के दौरान रितु ने बताया कि उन्होंने संदीपनी विद्यालय पांढुर्ना से ही अपनी पढ़ाई पूरी की है।

रितु ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों और परिवार के सहयोग को दिया। अन्य छात्रों को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने की सलाह भी दी। पांढुर्ना जिले की राधा देवराव परिहार भी सांदीपनी विद्यालय से अपनी 12वीं पास की है और NEET में 198 मार्क्स रहे। अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों और परिवार के सहयोग को दिया। अन्य छात्रों को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने की सलाह भी दी। पांढुर्ना जिले की एकता महेश कोल्हे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 254 अंक प्राप्त किए हैं। एकता ने बताया कि उन्होंने अपनी पढ़ाई सांदीपनी विद्यालय पांढुर्ना से की है।अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों और परिवार के सहयोग को दिया। अन्य छात्रों को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने की सलाह भी दी। पांढुर्ना की पूनम चंद्र किशोर ठवरे ने अपनी पढ़ाई सांदीपनी विद्यालय 12 वी की है। नीट की परीक्षा में सफल अंक 246 अंक हासिल किए हैं। अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों और परिवार के सहयोग को दिया। अन्य छात्रों को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने की सलाह भी दी।सौसर क्षेत्र की श्रद्धा मोरेश्वर डोबले ने 215 अंक प्राप्त कर सफलता अर्जित की है। इसने सांदीपनी स्कूल सौसर से पास की हुई है और मैंने 215 मार्क्स से NEET क्वालीफाई किया हुआ है। अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों और परिवार के सहयोग को दिया। अन्य छात्रों को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने की सलाह भी दी। सभी छात्राएं अब मेडिकल काउंसलिंग के माध्यम से MBBS/BDS में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकेंगी।कार्यक्रम के दौरान सभी छात्राओं ने NEET परीक्षा के दौरान अपनाई गई अपनी रणनीति और मेहनत के बारे में अन्य छात्रों से साझा किया। कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने NEET सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर सभी छात्राओं के पालक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में B.E.O. श्री एच.बी. हांडे, प्राचार्य सांदीपनी विद्यालय श्री सी.एस. बरेठ, उपप्राचार्य सांदीपनि विद्यालय सौसर संजय गंवनेकर सहित स्टॉफ से तिजारे सर, अतुलकर सर, सोनी सर, मरकाम सर, कुरैशी मैडम, हनौते मैडम एवं भूतपूर्व शिक्षक देवराव कालभूत सर मौजूद थे। कार्यक्रम का मंच संचालन श्री कावले सर द्वारा किया गया।

आवारा पशुओं से उजड़ रही किसानों की मेहनत, किसानों ने लगाई गुहार

नवभारत न्यूज़
पिपला नारा 20 जुलाई. नगर से लगे खेतों में आवारा पशुओं का आतंक बढ़ता जा रहा है। खेतों में खुलेआम घूम रहे मवेशियों के कारण किसानों की हरी-भरी फसलें बर्बाद हो रही हैं। इस समस्या से परेशान किसानों ने गोविंदा ब्रह्मे के नेतृत्व में नगर परिषद अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्यवाही की मांग की।श्री ब्रह्मे ने बताया कि महीनों की मेहनत और हजारों रुपये की

लागत से तैयार फसलें चंद दिनों में चौपट हो रही हैं। कई बार शिकायत के बाद भी स्थायी समाधान नहीं हुआ।किसानों ने नगर पंचायत प्रशासन से मांग की कि अभियान चलाकर आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला में सुरक्षित रखा जाए तथा भविष्य में ऐसी समस्या न हो इसके लिए नियमित निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

पूर्व मंत्री मोहोड के प्रयासों से 4 लोगों को सहायता स्वीकृत

नवभारत न्यूज़ सौसर 20 जुलाई. पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड के विशेष प्रयासों से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान निधि से 4 जरूरतमंद लोगों के उपचार हेतु कुल 1 लाख 55 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। निर्मला मस्के सौसर 50,000 रुपये,मानती परतेती, ग्वारा - 35,000 रुपये,प्रभाकर मोहोड, मांगुरली - 25,000 रुपये,भाग्यवान कुमेरिया, कबर पिपला - 45,000 रुपये को गंभीर बीमारी के उपचार में आर्थिक कठिनाई का सामना कर रहे हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री एवं पूर्व मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की नवगठित कार्यकारिणी का हुआ स्वागत

नवभारत न्यूज़
सौसर 20 जुलाई. भारतीय जनता पार्टी के संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के उद्देश्य से सोमवार को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की नवगठित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का स्वागत-अभिनंदन किया गया। जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड एवं नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रामेश्वर खोडे ने सभी पदाधिकारियों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया।

श्री मोहोड ने कहा कि भाजपा का मूल मंत्र सेवा, संगठन और समर्पण है। केंद्र एवं मध्यप्रदेश सरकार

की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड, जिला पंचायत सदस्य ललिता कुमरे, जिला उपाध्यक्ष सीताराम कोरडे, पांढुर्णा नगर मंडल अध्यक्ष प्रकाश बंटी छागानी, रामाकोना मंडल अध्यक्ष नामदेव पाल,

अनदेखी ▶ **नियमों का नहीं हो रहा पालन,दिनों-दिन गिर रहा भूजलस्तर**

शासकीय भवनों एवं अधिकारियों के बंगलों पर भी नहीं वाटर हार्वेस्टिंग

नवभारत न्यूज,
पांढुरना,19जुलाई,गांवों में भूजल स्तर बढ़ाने के लिए विभिन्न समाजसेवी संगठनों के साथ ग्रामीणों द्वारा जल संचय करने का जोर-शोर से अभियान चलाया जा रहा है . इसका सुपरिणाम भी नजर आने लगा है,लेकिन नगरवासियों के जागरूक नहीं होने से बारिश का पूरा पानी इमारतों की छतों से सडक़ों पर गिरता है और नालियों होते हुए नदियों में बहकर सीमावर्ती महाराष्ट्र प्रदेश में पहुंच रहा है . लेकिन नगर में बारिश के जल संग्रह कर भू-जल स्तर बढ़ाने के कोई भी उपाय नहीं किए जाने के कारण नगर में दिनों-दिन पेयजल संकट विकराल रूप धारण करते जा रहा है . हालात तो यह है कि जो नेता,पदाधिकारी एवं अधिकारी कर्मचारी लोगों को पानी की फिजूलखर्ची नहीं करने तथा पानी की बचत करने का बखान करते रहते है,वहीं पानी की बचत करने के प्रति गंभीर नहीं है **दिया तले अंधेरा:** नगर में कोई भी शासकीय भवन तथा अधिकारी,जनप्रतिनिधियों के बंगलों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम दिखाई नहीं देता,स्वयं नगर पालिका कार्यालय, शांपिंग काम्पलेक्स, अनुविभागीय राजस्व, तहसीलदार ,जनपद, पुलिस, आबाकारी, महिला बाल विकास ,सिंचाई विभाग, पीएचई, वन विभाग, दूरसंचार, रेलवे, कृषि, शासकीय विद्यालय, लोक निर्माण विभाग,स्वास्थ्य केन्द्र,आदि कहीं भी कार्यालय के भवनों पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं दिखाई देता ।

नपा ने सुनाया फरमान,लेकिन नहीं हो रहा अमल

हांला कि नगर पालिका ने नए भवन तथा शापिंग काम्पलेक्स बनाने वालों के लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से लागू कराने का फरमान सुना दिया है,यहां तक निर्माण की अनुमति देने के पूर्व इनसे वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने की राशि तक नगर पालिका द्वारा पूर्व में जमा करा दी जाती है,लेकिन निर्माण कराने वालों द्वारा नियमानुसार वाटर हार्वेस्टिंग बनाया या नहीं यह देखने जाने की विभागीय अधिकारी कभी जहमत नहीं उठाते,वहीं निर्माण कराने वाले भी नपा में राशि जमा कराने के बाद इस ओर कोई ध्यान नहीं देते,जब कि नियमानुसार यदि भवन निर्माण कराने वालों द्वारा वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं बनाया गया तो इनके द्वारा अनुमति के पूर्व इसके लिए जो राशि जमा कि जाती है,उससे नपा को इन भवनों में यह सिस्टम बनाया है,लेकिन न तो भवन बनाने वाले और न हीं नगर पालिका वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं बना रहे है .जिससे अन्य आदेशों की तरह ही यह आदेश में फाईलों में रखे-रखे धूल खा रहे है .

लागत भी अधिक नहीं : शासकीय कार्यालयों में विविध मेन्टेनेन्स,नवीनीकरण,फर्नीचर,आदि पर प्रतिवर्ष लाखों रुपयों की राशि खर्च किए जाते है,नगर पालिका कार्यालय में अधिकारी कर्मचारियों तथा जनप्रतिनिधियों के कक्षों की बैठक व्यवस्था के साथ ही दिखावटी सामानों पर फिजूलखर्ची की जा रहीं है,यदि इन खर्चों में कटौती कर इमारतों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की व्यवस्था की जाए तो बारिश का पानी फिजूल बर्बाद नहीं होगा .हालांकि वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने में अधिक राशि भी खर्च नहीं होती,लेकिन इसके बावजूद अधिकारी,जनप्रतिनिधि इस ओर बिल्कुल गंभीर नहीं है .

बढ़ेगा भूजल स्तर : सरकार द्वारा सभी विभाग प्रमुखों को वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के साथ ही पानी संचय करने के लिए फरमान सुना दिया है,बैठकों में यदा-कदा इस पर चर्चा भी होती है,लेकिन यह कभी भी धरातल पर साकार रूप लेता नहीं दिखाई दे रहा है .यदि समय रहते सभी सच्चे मन से इस ओर प्रयास करे तो पानी की फिजूल बर्बादी होने से रोका जा सकता है,जिससे गर्मी के दिनों में भूजल स्तर नीचे जाने की समस्या से निजात मिलेगी .

खंड - I
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
मध्य प्रदेश शासन
कार्यालय पश्चिम छिंदवाडा वनमण्डल छिंदवाडा मध्य प्रदेश

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 10/ई-टेंडरिंग/2026-27 दिनांक वनमण्डलाधिकारी पश्चिम छिंदवाडा वनमंडल छिंदवाडा द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित-2022) के अन्तर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रमांक	सामग्री का नाम	अनुमानित मात्रा
1	भवन निर्माण में लगने वाली सामग्री सीमेंट (प्री बिड मीटिंग में सीमेंट के सेंपल के साथ उपस्थित होवे)	आवश्यकता अनुसार

नोट:- निविदा से संबंधित समस्त सामग्री की सूची एवं सामग्री का मापदंड "BOQ" में दर्शित है।

टीप :- उपरोक्त सामग्री की मात्रा किसी भी सीमा तक कम या अधिक हो सकती है ।

* निविदा दस्तावेज़ से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं।*इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 22.07.2026 Time 02.00 PM से दिनांक 16.08.2026 Time 02.00 PM तक केवल ऑनलाइन खरीद सकते है।* ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्त्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी।* ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं।* ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल: https://www.mptenders.gov.in/

वनमंडलाधिकारी
पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडल

G15934/26